
# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIRS BOOSTER

08 – 10 – 2022

SATURDAY



### 1. भारतीय वायुसेना आज अपना 90वाँ स्थापना दिवस मनाएगी



भारतीय वायुसेना ( IAF ) की स्थापना आजादी से पहले 8 अक्टूबर 1932 को हुई थी। जिसके बाद से हर साल 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस मनाया जाता है। स्थापना दिवस वो मौका होता है जब भारतीय वायुसेना अपनी ताकत का प्रदर्शन करती है।
वायुसेना के इतिहास में पहली बार एयर फोर्स डे दिल्ली से बाहर चंडीगढ़ में मनाया जा रहा है, और यही इस साल भारतीय वायुसेना की सबसे ख़ास बात है। आज दर्शकों को चंडीगढ़ की सुप्रसिद्ध सुकना लेक के आसमान में वायुसेना की ताकत का नजारा देखने को मिलेगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे से हो गई।
देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हैं। साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वहां मौजूद है। एयर शो से पहले आज वायुसेना अड्डे पर औपचारिक परेड होगी। परेड का निरीक्षण एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी करेंगे। इस मौके पर वायुसेना प्रमुख इस अवसर पर वायुसेना कर्मियों के लिए लड़ाकू वर्दी के नए प्रारूप का भी अनावरण करेंगे।
परेड के दौरान एयर बेस पर हेलीकॉप्टर की दो फोर्मेशन की फ्लाई पास्ट भी होगी। साथ-ही वायुसैनिकों को गैलेंट्री मेडल भी दिया जाएगा। वायुसेनाध्याक्ष इस दौरान एयर फोर्स की नई कॉम्बेट यूनिफॉर्म भी जारी करेंगे। ठीक वैसे ही जैसे इस साल थलसेना दिवस पर सेना की नई वर्दी जारी की गई थी।
वायुसेना के मुताबिक, इस साल फ्लाई पास्ट दो घंटे चलेगा। यह दोपहर 2.45 से शुरू होकर शाम 4.44 तक चलेगा। फ्लाई पास्ट में करीब 80 सैन्य विमान और हेलीकॉप्टर हिस्सा लेंगे। हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (LCH) प्रचंड, हल्के लड़ाकू विमान (LCA) तेजस, सुखोई, मिग-29, जगुआर, राफेल, आईएल-76, सी-130जे, हॉक, हेलीकॉप्टरों में हल्के हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, अपाचे और एमआई-17 फ्लाई पास्ट में शामिल होंगे।
आपको बता दें कि भारत के स्वतंत्र होने से पहले तक वायुसेना को रॉयल इंडियन एयर फोर्स (RIAF) कहा जाता था। भारतीय वाय्सेना की स्थापना 8 अक्टूबर 1932 में की गई थी। आजादी के बाद वायुसेना के नाम में से "रॉयल" शब्द को हटाकर सिर्फ इंडियन एयरफोर्स ( IAF ) कर दिया गया।

### 2. उत्तर प्रदेश में पहली बार 3 महिला PAC बटालियन हुईं गठित



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण अभियान मिशन शक्ति शुरू किया गया. इसके तहत प्रदेश के पुलिस बल में 20 प्रतिशत महिलाओं की नियुक्ति के लिए आरक्षित किया गया, ताकि महिलाओं को सुरक्षा देने के साथ उन्हे आत्मनिर्भर बनाया जा सके.
प्रदेश में वीर एवं साहसी महिलाओं के नाम पर तीन प्रांतीय सशस्त्र सीमा बल पीएसी (PAC) की महिला बटालियन स्थापित की जा रही है. इन तीन बटालियन का नाम रानी अवंतीबाई लोधी, उदय देवी और झलकारीबाई के नाम पर रखा जा रहा है, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आपने प्राणों का बलिदान दिया था. यह बटालियन बदायूं, लखनऊ और गोरखपुर में स्थापित की जा रही है। पीएसी की एक महिला बटालियन में 1262 पदों पर तैनाती की प्रक्रिया चल रही है.
अब तक महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से 3,98,686 शिकायतें मिली हैं, जिसमें से 3,89417 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। इसी प्रकार, हेल्प डेस्क के माध्यम से 1,14,269 अभियुक्तों के खिलाफ कुल 47,855

मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें से 81,011 अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। साथ ही 3,55,519 मामलों में थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने महिलाओं का फीडबैक लिया.

### 3. दिल्ली सरकार ने एंटी-डस्ट अभियान किया शुरू



6 अक्टूबर से 6 नवंबर तक एंटी डस्ट अभियान चलेगा। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि कंस्ट्रक्शन साइटों पर निर्माण संबंधी 14 एंटी डस्ट नियमों को लागू करना जरूरी है। एंटी डस्ट अभियान के तहत 586 टीमों का गठन किया गया है। इसमें डीपीसीसी की 33 टीमें शामिल हैं। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियमों के उल्लंघन पर एनजीटी की गाइडलाइंस के मुताबिक 10 हजार से लेकर 5 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एंटी डस्ट कैंपेन के लिए 586 टीमों का गठन किया है। इसमें 12 संबंधित विभागों की टीमें भी शामिल हैं। इन टीमों में डीपीसीसी (दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमिटी) की 33 टीमें, राजस्व विभाग की 165 टीमें, एमसीडी की 300, डीएसआईआईडीसी की 20, दिल्ली जल बोर्ड की 14, डीडीए की 33, दिल्ली मेट्रो की 3, सीपीडब्ल्यूडी की 6, पीडब्लूडी की 6, एनडीएमसी की 1, दिल्ली कैंट बोर्ड की 4 और एनएचएआई की 1 टीम शामिल हैं। ये टीमें लगातार निर्माण साइट्स का दौरा करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशानिर्देशों का पालन हो। निर्माण साइट्स पर 14 सूत्रीय नियमों को लागू करना जरूरी है, जिसके लिए एंटी डस्ट अभियान गुरुवार से शुरू हो गया है

### 4. RBI ने निगरानी के लिए नया एडवांस्ड सिस्टम 'दक्ष' किया लॉन्च




भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को एडवांस सुपरवाइजरी मॉनिटरिंग सिस्टम 'दक्ष' (DAKSH) की शुरुआत की। इससे आरबीआई की निगरानी संबंधी प्रक्रिया के अधिक सशक्त होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने बयान में कहा कि वह निगरानी गतिविधियों में मजबूती लाने के लिए कई कदम उठाता रहा है और 'दक्ष' इसमें एक नई कड़ी है। रिजर्व बैंक ने कहा, ''दक्ष एक वेब-आधारित एंड-टु-एंड वर्कफ्लो ऐप्लिकेशन है जिसके जरिए आरबीआई बैंक और एनबीएफसी जैसी संस्थाओं पर अधिक केंद्रित ढंग से निगरानी रख पाएगा।'

आरबीआई का यह 'सुपरटेक' ऐप्लिकेशन कहीं भी और कभी भी सुरक्षित एक्सेस संभव बनाने वाले एक प्लेटफॉर्म के माध्यम से निर्बाध संचार, निरीक्षण प्लानिंग और क्रियान्वयन, साइबर घटना की सूचना और विश्लेषण जैसे कार्य संपादित कर पाएगा। रिजर्व बैंक ने कहा कि यह निगरानी सिस्टम अपने नाम के ही अनुरूप अपनी सक्षमता और प्रभावी ढंग से कार्य करेगी।

आरबीआई की अपने व्यापक डेटाबेस का विश्लेषण करने और बैंकों और एनबीएफसी पर रेगुलेटरी निगरानी को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। आरबीआई इसके लिए बाहरी एक्सपर्ट्स की भी भर्ती करेगा। हालांकि आरबीआई अभी भी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहा है लेकिन अब इसे और व्यापक बनाने की कोशिश है ताकि सेंट्रल बैंक में सुपरविजन डिपार्टमेंट को और एडवांस बनाया जा सके।

### 5. बेलारूस के मानवाधिकार कार्यकर्ता, रूसी और यूक्रेनी संगठन को नोबेल शांति पुरस्कार 2022 से किया गया सम्मानित




नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में हुए शांति पुरस्कार की घोषणा संयोगवश रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 70वें जन्मदिन पर हुई है, जिन्हें यूक्रेन पर जंग थोपने का जिम्मेदार माना जा रहा है। नोबेल समिति ने शांति पुरस्कार के जरिए पुतिन को संदेश देने का भी काम किया है।

बहुप्रतीक्षित नोबेल शांति पुरस्कारों का एलान शुक्रवार को हुआ। यह पुरस्कार इस साल विश्व के सबसे अशांत क्षेत्र के नाम रहा, जिसके विजेता जेल में बंद बेलारूस के मानवाधिकार कार्यकर्ता एलेस बियालियात्स्की, रूसी मानवाधिकार संगठन 'मेमोरियल' और यूक्रेनी संगठन 'सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज' बने हैं।

नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में हुए शांति पुरस्कार की घोषणा संयोगवश रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 70वें जन्मदिन पर हुई है, जिन्हें यूक्रेन पर जंग थोपने का जिम्मेदार माना जा रहा है। नोबेल समिति ने शांति पुरस्कार के जरिए पुतिन को संदेश देने का भी काम किया है। तीनों नामों की घोषणा करते हुए नॉर्वेजियन नोबेल समिति की अध्यक्ष बेरिट रीज-एंडरसन ने कहा, इस बार का शांति पुरस्कार मानवाधिकार, लोकतंत्र और पड़ोसी देशों बेलारूस, रूस व यूक्रेन में शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पैरोकारों को सम्मानित करने के लिए दिया गया है।

उन्होंने कहा, इन विजेताओं ने मानवीय मूल्यों, सैन्यवाद विरोध और कानून के पक्ष में अपने निरंतर प्रयासों के जरिये अल्फ्रेड नोबेल के राष्ट्रों के बीच शांति और बंधुत्व के दृष्टिकोण को पुनर्जीवित और सम्मानित किया है। इसकी दुनिया में आज सबसे ज्यादा जरूरत है।

### 6. आंध्र प्रदेश में विजयनगरम में वार्षिक श्रीमनोत्सवम की तैयारियां जोर-शोर से जारी



आंध्र प्रदेश में विजयनगरम में वार्षिक श्रीमनोत्सवम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह उत्सव 11 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। यह विजयनगरम शहर की प्रमुख देवी श्रीपय्दीथल्ली अम्मावरी जतारा का प्रमुख महोत्सव है। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश का यह प्रमुख जनजातीय लोक उत्सव पिछले दो वर्षों से कोरोना महामारी के कारण सादे ढंग से मनाया जा रहा था। पारम्परिक श्रीमनोत्सवम जतारा प्रति वर्ष दशहरे के बाद पहले मंगलवार को मनाया जाता है। इसे श्रीमनु पंडुगा के नाम से भी जाना जाता है। इस महोत्सव में आंध्र प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ से चार से पांच लाख श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है।

### 7. केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अपनी तरह का पहला पक्षी महोत्सव हुआ शुरू



केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अपनी तरह का पहला पक्षी महोत्सव कल शुरू हुआ। इसका आयोजन जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग, अभयारण्य प्रकृति प्रतिष्ठान के साथ मिलकर कर रहा है। जम्मू-कश्मीर के पर्यटन सचिव सरमद हफीज़ ने महोत्सव का शुभारंभ किया। प्रकृति और पक्षी प्रेमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अभयारण्य

प्रकृति प्रतिष्ठान के साथ विभाग की साझेदारी से कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन क्षेत्र के नए और अनछुए पहलू भी सामने आएंगे। छह दिवसीय पक्षी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में जम्मू-कश्मीर तथा देशभर से आए प्रकृति और पक्षी प्रेमी शामिल हुए।

## 8. 36वें राष्ट्रीय खेलों में पूजा पटेल योगासन में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली एथलीट बनीं

36वें राष्ट्रीय खेलों में गुजरात की पूजा पटेल, योगासन में स्वर्ण जीतने वाली पहली खिलाडी बनी हैं। इस बार राष्ट्रीय खेलों में जो पांच नये खेल शामिल किए हैं उनमें एक योगासन है। अन्य मुकाबलों में आज महाराष्ट्र ने महिलाओं की गोताखोरी में एक मीटर स्प्रिंगबोर्ड प्रतिस्पर्धा में स्वर्णपदक जीता। महिला हॉकी में हरियाणा, कर्नाटक को छह शून्य से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गया है। पुरूषु फुटबॉल में पश्चिम बंगाल ने कर्नाटक को एक-तीन से हराया। लेकिन दोनों टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। सेना अब तक 41 स्वर्ण, 29 रजत और 26 कांस्य सहित कुल 96 पदक जीतकर पदक तालिका शीर्ष पर है। हरियाणा 29 स्वर्ण, 23 रजत और 20 कांस्य पदक सहित कुल 72 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि महाराष्ट्र 24 स्वर्ण, 24 रजत और 45 कांस्य पदक सहित कुल 93 पदक के साथ तीसरे पायदान पर है।

## ONE LINER

**नोबेल शांति पुरस्कार 2022 रूस-यूक्रेन के मानवाधिकार संगठनों सहित किस एक व्यक्ति को संयुक्त रूप से दिया गया है-** एलेस बियालियात्स्की

**36वें राष्ट्रीय खेलों में कौन, योगासन में स्वर्ण जीतने वाली पहली एथलीट बन गई हैं-** पूजा पटेल (गुजरात)

**भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने कौन सा वेब-आधारित एंड-टू-एंड वर्कफ़्लो एप्लिकेशन लांच किया है-** 'दक्ष' (DAKSH)

**किसने, ICC मेन्स T20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को चीयर करने के लिए विक्ट्री एंथम 'विजयी भव' का अनावरण किया है-** चीयरिंग स्क्वाड इंडिया फाउंडेशन

**गृहमंत्री अमित शाह ने किस शहर में पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के डेयरी सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया है-** गंगटोक (सिक्किम)

**किस ड्रोन कंपनी को भारत का पहला माइक्रो कैटेगरी ड्रोन टाइप सर्टिफिकेट मिला है-** एस्टेरिया एयरोस्पेस

**किस राज्य में हाल ही में वायु प्रदुषण नियंत्रण के लिए एंटी-डस्ट अभियान लांच किया गया है-** दिल्ली

## QUIZ

**1. प्रतिवर्ष विश्व पशु दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 4 अक्टूबर
(b) 7 अक्टूबर
(c) 3 अक्टूबर
(d) 6 अक्टूबर

**2. कौनसी राज्य सरकार "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम" का शुभारंभ करने जा रही है ?**

(a) गुजरात
(b) झारखण्ड
(c) बिहार
(d) मध्यप्रदेश

**3. हाल ही में GAIL (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में किसने पदभार संभाला?**

(a) अरविन्द कुमार गुप्ता
(b) महेश कुमार
(c) संदीप कुमार गुप्ता
(d) संदीप सिंह अहलावत

**4. व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भारत की अनुमानित सकल घरेलू के उत्पाद वृद्धि दर क्या है?**

(a) 5.70 प्रतिशत
(b) 6.20 प्रतिशत

(c) 4.80 प्रतिशत
(d) 5.90 प्रतिशत

**5. किस केंद्रीय मंत्री ने लोक प्रशासन 2022 में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार हेतु वेब पोर्टल लॉन्च किया है?**

(a) पियूष गोयल
(b) नितिन गडकरी
(c) डॉ. जितेंद्र सिंह
(d) रामविलास पासवान

**6. हाल ही में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के 37वें महानिदेशक के रूप में किसने कार्यभार संभाला?**

(a) सुजॉय लाल थाओसेन
(b) जनरल रावत सिंह
(c) जनरल अरविन्द सिंह
(d) अनीश दयाल सिंह

**7. पेरिस में आयोजित अपने वार्षिक सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ (IAF) के उपाध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया?**

(a) डॉ. विजय कुमार
(b) डॉ. मुकेश कुमार
(c) डॉ. सुमित कुमार
(d) डॉ. अनिल कुमार

The ACHIEVERS IAS ACADEMY